आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.03.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- संसद ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पारित किया। इससे आपदा से निपटने की तैयारियों, प्रतिक्रिया और उबरने में तेजी आएगी।
- टीबी उन्मूलन की दिशा में सराहनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, "टीबी मुक्त पंचायत पहल" में समुदाय–आधारित प्रयासों के लिये राज्य को किया गया पुरस्कृत।
- खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में 18 नए औषधि निरीक्षकों की नियुक्ति, एक माह के भीतर दी जाएगी तैनाती।
- और, रुद्रप्रयाग जिले के कई गांवों में हॉर्स फ्लू के फैलने से केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा–खच्चरों के पंजीकरण शिविर, अगले दस दिनों के लिए स्थगित किये गये।

विधेयक पारित

संसद ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने आज विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा में यह विधेयक पिछले साल दिसंबर में ही पारित हो चुका है। विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–एनडीएमए तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–एसडीएमए के कामकाज को कुशल बनाना है। विधेयक में एनडीएमए और एसडीएमए को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति और राज्य कार्यकारी समिति के बजाय राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर आपदा योजना तैयार करने का अधिकार दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपदाओं के आकार और पैमाने में बदलाव हुआ है और प्रतिक्रियाओं को भी उसी अनुसार बदलना होगा।

सम्मान

उत्तराखंड को टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। "टीबी मुक्त पंचायत पहल" में समुदाय–आधारित प्रयासों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को यह पुरस्कार मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया को यह पुरस्कार प्रदान किया।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की और जनसहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार टीबी उन्मूलन के लिए किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और टीबी मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

एनएचएम की मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि "टीबी मुक्त पंचायत पहल" के तहत व्यापक जागरूकता, त्वरित पहचान, बेहतर उपचार और समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

देहरादून के डोईवाला क्षेत्र में सुसवा और अन्य नदियों में भारी मशीनों से खनन की अनुमति देने के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने इस प्रकरण में संबंधित अधिकारियों से सरकार के खनन प्लान को पेश करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान खनन अधिकारियों ने दावा किया कि खनन, रिवर ड्रेजिंग पॉलिसी के अनुसार किया जा रहा है और राज्य सरकार इसकी निगरानी कर रही है, ताकि नदी के बेड को कोई नुकसान न हो। इस पर याचिकाकर्ताओं ने विरोध करते हुए कहा कि नदी का जल स्तर घट रहा है इसलिए मशीनों से खनन पर रोक लगाई जाए।

राज्य सरकार ने का कहना है कि बरसात में नदी में सिल्ट, गाद और बोल्डर आने से नदी का रास्ता अवरुद्ध हो जाता है, जिसे हटाने के लिए मशीनों की आवश्यकता होती है।

न्यायालय ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख तीन अप्रैल निर्धारित की है।

**आड़ा दिवस**

वनाग्नि रोकथाम और वन संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन विभाग ने पौड़ी गढ़वाल के अदवानी क्षेत्र में आड़ा दिवस मनाया। इस दौरान वन विभाग ने अदवानी के 17 गावों में सुरक्षित रूप से आड़े जलाए।

कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकार, गढ़वाल, स्वप्निल अनिरुद्ध ने ग्रामीणों को जंगलों में आग की रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में आड़ा जलाने के दौरान विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए, क्योंकि बढ़ते तापमान के कारण वनाग्नि की घटनाएं बढ़ सकती हैं। यदि आड़ा जलाने में लापरवाही बरती जाती है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

चयन

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में 18 नए औषधि निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। ये निरीक्षक राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित किए गए हैं और इन्हें एक माह के भीतर विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार विभाग की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत लंबे समय से रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य लोक सेवा आयोग से अधियाचन भेजा गया था। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के कार्यक्षेत्र का आवंटन योगदान के बाद किया जाएगा।

डॉक्टर रावत ने चयनित निरीक्षकों को बधाई दी और आशा जताई कि उनकी नियुक्ति से प्रदेश में दवा निर्माण और विक्रय प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

हॉर्स फ्लू

रुद्रप्रयाग जिले के कई गांवों में घोड़ा–खच्चर के गंभीर श्वसन रोग इक्वाइन इन्फ्लूएंजा यानि हॉर्स फ्लू से प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा–खच्चरों के पंजीकरण शिविर, अगले दस दिनों के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। साथ ही, जिले में घोड़ा–खच्चरों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

घोड़ा–खच्चरों में यह रोग बसुकेदार उप तहसील के बीरों, बष्टी, जलई और मद्महेश्वर घाटी के मनसूना गांवों में फैल चुका है, जहां पशु तेज बुखार, नाक से स्राव, खांसी, और शरीर पर दानों से पीड़ित हैं। इन गांवों में 16 घोड़ा–खच्चरों में हॉर्स फ्लू

के लक्षण पाए गए हैं। पशुपालन विभाग ने चिकित्सक दल को भेजकर इनका उपचार किया है और रक्त सैंपल राष्ट्रीय अश्व अनुसंसाधन संस्थान, हिसार, हरियाणा भेजे गए हैं।

पशु चिकित्सकों के अनुसार, यह संक्रमण सांस के जरिए फैलता है, इसलिए पूरे जिले में घोड़ा—खच्चरों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। यदि कोई पशुपालक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि हॉर्स फ्लू से पीड़ित घोड़ा—खच्चर 20 से 25 दिनों में स्वस्थ हो जाते हैं, लेकिन कभी—कभी संक्रमण का प्रभाव अधिक समय तक रहता है।

गुड गवर्नेंस अवार्ड 2025

उत्तराखंड में सुशासन और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित गुड गवर्नेंस अवार्ड 2025 में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, पौड़ी गढ़वाल ने राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के नेतृत्व में जिले में सुशासन के तहत विभिन्न विभागों द्वारा जन शिकायतों का समाधान, योजनाओं का लाभ पहुंचाने और अन्य सुविधाएं प्रदान करने जैसे कार्य प्रभावी रूप से किए गए। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग पौड़ी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

निरीक्षण

आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिधिम अग्रवाल ने नैनीताल जिले के प्रसिद्ध कैंची धाम में पुलिस और यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के प्रशासनिक विभागों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ समन्वय बनाकर यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं और भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी और ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा कंट्रोल रूम में एक विशेष निगरानी प्रणाली भी स्थापित की जाएगी, जिससे वरिष्ठ अधिकारी रियल टाइम में यातायात व्यवस्था पर नजर रख सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान रिधिम अग्रवाल ने कैंची धाम के प्रबंधन अधिकारियों से भी बातचीत की और यातायात प्रबंधन को लेकर उनके सुझाव लिए।

बैठक

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में बल्लुपुर—पावंटा राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधिकारियों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने एन०एच०ए०आई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों द्वारा किए गए समुचित आवेदनों पर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करें। उन्होंने अंडरपास की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात की और मानसून सीजन के दृष्टिकोण से अंडरपास के सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यदि निर्माण योजना में कोई खामियां हैं, तो उन्हें तुरंत सुधारा जाए।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

प्रदेश को टीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार – इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है – उत्तराखंड को टीबी मुक्त पंचायत पहल के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है – केंद्रीय स्वास्थ्य  मंत्री जेपी नडडा से एन एच एम मिशन निदेशक ने प्राप्त किया सम्मान। दैनिक जागरण ने लिखा है– राज्य सरकार के सतत प्रयासों से उत्तराखंड ने टीबी उन्मूलन में बड़ी कामयाबी हासिल की।

मेडिकल कालेजों में नये विशेष चिकित्सकों की तैनाती की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने लिखता है–मेडिकल कालेजों में तैनात होंगे नये विशेष चिकित्सक। इसी खबर पर अमर उजाला ने लिखा है– स्वास्थ्य मंत्री ने दी नियुक्ति को स्वीकृति।

2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुम्भ को लेकर पुलिस महानिदेशक की सुरक्षा–व्यवस्था पर बैठक की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा पुलिस महानिदेशक के हवाले से लिखता है – कुंभ की तैयारियों में अभी से जुटे पुलिस बल। हल्द्वानी में सड़क हादसे में तीन की मृत्यु की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला लिखता है– ट्रक ने पिता– पुत्र समेत तीन को कुचला। राष्ट्रीय सहारा लिखता है–ट्रक सीज. चालक हिरासत में, पिता– पुत्र के साथ एक मासूम की जान गई।